श्री चैतन्य प्रसाद, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिनांक–19.09.2018 को पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न ड्रेनेज योजनाओं का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन–

दिनांक–19.09.2018 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा विभिन्न ड्रेनेज योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रबन्ध निदेशक, बिहार राज्य जल पर्षद, मुख्य अभियंता, बिहार राज्य जल पर्षद, अधीक्षण अभियंता, बिहार राज्य जल पर्षद, कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य जल पर्षद, गंगा परियोजना प्रमंडल संख्या–02, 04, 05 एवं कार्य प्रमंडल उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त पटना नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल, कार्यपालक अभियंता एवं नगर प्रबंधक भी निरीक्षण के समय उपस्थित थे ।

1. **अशोक नगर जीरो प्वाईट ड्रेनेज योजना** :–

- अशोक नगर जीरो प्वाईट ड्रेनेज योजना का स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल पर कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि सम्प, बाईपास चैनल, इन्लेट चैनल एवं आउटलेट चैनल इत्यादि का कार्य पूर्ण हो गया है। पंप हाउस के निर्माण हेतु सम्प के ऊपर छत की ढलाई हो चुकी है तथा column में reinforcement-binding के बाद कंक्रीट ढलाई हेतु shuttering किया जा रहा है। ट्रांसफॉर्मर अधिष्ठापित किये जा चुके है तथा पंप मोटर आपूर्ति कर रखा हुआ है। मॉनसून 2018 में तीन अस्थायी 60HP सबमरसीबल पंप लगाकर जल निकासी कार्य किया जा रहा है।

योजना के शत–प्रतिशत पूर्ण होने के संबंध में पूछे जाने पर कार्यपालक अभियंता एवं स्थल पर उपस्थित एजेंसी मेसर्स नालंदा इंजिकॉन प्रा0लि0 द्वारा बताया गया कि 15 नवम्बर, 2018 तक कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण हो जाएगा। मदवार कार्य पूर्ण करने की तिथि के संबंध में पृच्छा की गयी तथा कार्यपालक अभियंता एवं एजेंसी द्वारा बताए जाने पर निम्न प्रकार से time line निर्धारित किया गया–

1	First Column bracing	-	21.09.2018
2	Second column bracing	-	25.09.2018
3	Roof Casting	-	30.09.2018
4	Finishing of Pump house andinstallation of pump motor etc.	-	15.10.2018
5	Placing of Pre cast drain & its commissioning	-	01.10.2018-07.10.2018
6	Lowering of inlet chamber	-	20.10.2018 to 05.11.2018
7	Commissioning of scheme	-	15.11.2018

निदेश दिया गया कि मैन होल एवं संप के inlet के लेवेल की जाँच कर ली जाय तथा संप के inlet लेवेल को मैन होल के outlet लेवेल से नीचे रखा जाय ।

अशोक नगर सम्प के चहारदीवारी निर्माण के संबंध में निदेश दिया गया कि पार्क के लिए चिन्हित स्थल को छोड़कर चहारदीवारी का निर्माण किया जाय ।

(अनुपालन–बिहार राज्य जल पर्षद)

- अशोक नगर जीरो प्वाईंट से सटे सड़क के पश्चिम मैन होल का भी निरीक्षण किया गया। नगर निगम के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि उक्त मैन होल में तीन दिशाओं से पानी आता है एवं संबंधित क्षेत्र वार्ड सं0–29 से 32 यथा रामलखन पथ, पोस्टल पार्क खास महल, बुद्धा नगर इत्यादि है।

  पटना नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल को निदेश दिया गया कि अशोक नगर जीरो प्वाईंट सम्प तक सभी क्षेत्रों से पानी पहुँचे, इसे सुनिश्चित किया जाय। इसके लिए रामलखन पथ में ड्रेनेज हेतु बिछाये गये पाईप, जो रामदेव मंदिर के पास से जाम है, की सफाई करने का निदेश दिया गया तथा रामलखन पथ, पोस्टल पार्क, चाँदमारी इत्यादि क्षेत्रों का पानी निर्बाध रूप से अशोक नगर सम्प तक पहुँचे–इसके लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता कंकड़बाग को निदेश दिया गया। इस कार्य को पूर्ण करने हेतु 10 दिनों की समय सीमा निर्धारित की गयी।

(अनुपालन–कार्य0 पदा0 एवं कार्य0 अभि0, कंकडबाग, पटना नगर निगम)

2. **<u>ट्रांसपोर्ट नगर ड्रेनेज योजनाः</u>–**

- ट्रांसपोर्ट नगर ड्रेनेज योजना का स्थल निरीक्षण किया गया। उपस्थित कार्यपालक अभियंता, प्रमंडल सं0–4, बिहार राज्य जल पर्षद द्वारा बताया गया कि सिविल कार्य पूर्ण है तथा पंप मोटर transit में हैं।

  योजना के शत–प्रतिशत पूर्ण होने के संबंध में पूछे जाने पर कार्यपालक अभियंता एवं स्थल पर उपस्थित एजेंसी द्वारा बताया गया कि 15 अक्टूबर, 2018 तक कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण हो जाएगा। मदवार कार्य पूर्ण करने की तिथि के संबंध में पृच्छा की गयी तथा कार्यपालक अभियंता एवं एजेंसी द्वारा बताए जाने पर निम्न प्रकार से time line निर्धारित किया गया–

  (i) पंप मोटर का अधिष्ठापन –07.10.2018
  (ii) योजना की commissioning- 15.10.2018

  बिहार राज्य जल पर्षद के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि पटना नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ संयुक्त स्थल निरीक्षण कर आश्वस्त हो लें कि ट्रांसपोर्ट नगर सम्प में किन–किन क्षेत्रों का कितना पानी आयेगा, उसका आँकलन करके तदनुसार उपयुक्त क्षमता का पंप मोटर अधिष्ठापित किया जाय।

(अनुपालन–बिहार राज्य जल पर्षद)

- पटना नगर निगम के कार्यपालक अभियंता, नगर प्रबंधक एवं मुख्य सफाई निरीक्षक को निदेश दिया गया कि ट्रांसपोर्ट नगर सम्प में किन–किन क्षेत्रों का पानी आता है, उसका सर्वे किया जाय तथा उसकी जानकारी बिहार राज्य जल पर्षद को दी जाय। साथ ही सम्प तक उन क्षेत्रों के पानी को लाने हेतु नाले का निर्माण, सफाई इत्यादि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

(अनुपालन–कार्य0 पदा0 एवं कार्य0 अभि0, कंकडबाग अंचल, पटना नगर निगम)

3. **बेउर मोड़ से मीठापुर स्टार्म ड्रेनेज योजना** :–

- बेउर मोड़ से मीठापुर स्टॉर्म ड्रेनेज योजना के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि दिनांक–21.07.2018 को एजेंसी द्वारा एकरारनामा किया गया है तथा सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं दिनांक–25.09.2018 तक डिजाइन एवं ड्राईंग प्रस्तुत कर दिया जायेगा। निदेश दिया गया कि नाला का सर्वे एवं डिजाईन बनाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय कि existing manhole के out-let से नये ड्रेन का Inlet level नीचे रहे ताकि ड्रेन में पानी आने में कठिनाई नहीं हो एवं पानी का back flow न हो। नाला निर्माण के क्रम में भी इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय।

मदवार कार्य पूर्ण करने की तिथि के संबंध में पृच्छा की गयी तथा कार्यपालक अभियंता एवं एजेंसी मे0 रामबाबू प्रसाद–राजीव रंजन (JV) द्वारा बताए जाने पर निम्न प्रकार से time line निर्धारित किया गया–

1	डिजाइन एवं ड्राईंग का प्रस्तुतीकरण	-	25.09.2018
2	Pre cast drain हेतु plant स्थापित करना	-	10.10.2018
3	Pre cast drain बिछाने का कार्य प्रारंभ	-	25.10.2018
4	सम्प का निर्माण कार्य पूर्ण	-	मई 2019
5	Pre cast drain का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण	-	मई 2019
6	योजना की कमिश्निंग	-	जून 2019

निदेश दिया गया कि कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु समानान्तर रूप से मदवार कार्य प्रारंभ किया जाय, जिससे इस योजना को मॉनसून 2019 के पहले पूर्ण किया जा सके। कार्यपालक अभियंता एवं एजेंसी द्वारा आश्वस्त किया गया कि अक्टूबर माह में कार्य प्रारंभ हो जायेगा। **(अनुपालन–बिहार राज्य जल पर्षद)**

4. **मीठापुर से नंदलाल छपरा ड्रेनेज योजना** :–

- मीठापुर बस स्टैड के निकट निर्मित होने वाले सम्प हाउस के outfall से लेकर नन्दलाल छपरा तक बाईबास के समानान्तर नाले का निर्माण होना है। इसे पूर्व में पथ निर्माण विभाग के द्वारा किया जा रहा था, जो पूर्ण नहीं हो सका है। संबंधित अभियंता, स्थल निरीक्षण का DPR यथाशीघ्र विभाग में समर्पित करें।

ध्यान रखा जाय कि सम्प हाउस से आने वाले पानी के लिए rising main एवं अन्य आवासीय इलाकों से आने वाले पानी के लिए gravity channel अलग–अलग रखा जाय ताकि rising main का पानी back flow न करे। **(अनुपालन–बिहार राज्य जल पर्षद)**

5. **राजवंशी नगर बोरिंग रोड ड्रेनेज योजना** :–

इस योजना से संबंधित प्राक्कलन में संशोधन की आवश्यकता हैं, चूँकि संबंधित रेलवे लाईन की जमीन का स्थानान्तरण पथ निर्माण विभाग को किया जा चुका है। अतः बिहार राज्य जल पर्षद

के संबंधित अभियंता, पथ निर्माण विभाग एवं बिहार राज्य पथ निर्माण निगम से सम्पर्क स्थापित कर अनापत्ति प्रमाण–पत्र एवं अन्य जानकारी प्राप्त कर संशोधित डी0पी0आर0 यथाशीध्र समर्पित करें।

(अनुपालन–बिहार राज्य जल पर्षद)

24/9/2018

(चैतन्य प्रसाद),
प्रधान सचिव

ज्ञापांक 5033 न०वि० एवं आ०वि०/पटना, दिनांक 25/09/18

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार/विकास आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

24/9/2018

प्रधान सचिव

ज्ञापांक 5033 न०वि० एवं आ०वि०/पटना, दिनांक 25/09/18

प्रतिलिपि :– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

24/9/2018

प्रधान सचिव

ज्ञापांक 5033 न०वि० एवं आ०वि०/पटना, दिनांक 25/09/18

प्रतिलिपि :– प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल पर्षद, पटना/नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना/मुख्य अभियंता, बिहार राज्य जल पर्षद, पटना/कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल, पटना नगर निगम, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/9/2018

प्रधान सचिव

ज्ञापांक 5033 न०वि० एवं आ०वि०/पटना, दिनांक 25/09/18

प्रतिलिपि :– उप सचिव/मुख्य अभियंता/प्रशाखा पदाधिकारी–2/आई०टी० मैनेजर, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/9/2018

प्रधान सचिव